नई दिल्ली में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दिये जाने वाले एक कमरे वाले क्वार्टरों का दो कमरों वाले क्वार्टरों में बदला जाना

7345. **श्री धनशाह प्रधान** : क्या **निर्माण और आवास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नई दिल्ली में सेवा नगर में और अन्य स्थानों पर चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को दिये जाने वाले एक कमरे वाले क्वार्टरों को दो कमरों वाले कवार्टरों में बदलने और वर्षा के पानी को कमरों में आने से रोकने के लिये रोशनदानों पर शटर की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण और आवास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई० के० गुजराल): (क) जी, नहीं ।

(ख) एक कमरे वाले कवार्टर काफी पुराने हैं, इन कवार्टरों को दो कमरों वाले कवार्टरों में बदलना संरचनात्मक तौर पर कठिन होगा । तथापि, टाइप 1 के कवार्टरों के सभी नए निर्माणों में दो कमरे उपलब्ध किए जा रहे हैं ।

दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के कर्मचारियों को रात्रि भत्ता

7346. **श्री धनशाह प्रधान** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार नियोजन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में केन्द्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना में रात्रि पर ड्यूटी लगाये जाने वाले कर्मचारियों को 12 से 14 घन्टे काम करना पड़ता है और उनको रात्रि भत्ता भी नहीं दिया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ; और

(ग) क्या सरकार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की तरह उक्त कर्मचारियों को रात्रि भत्ता देने के लिए व्यवस्था कर रही है ?

निर्माण और आवास तथा स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री (श्री उमा शंकर दीक्षित) : (क) से (ग). केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना औषधालयों में निम्नलिखित दो वर्षों के कर्मचारियों को रात की ड्यूटी करनी होती है :

(1) पुरुष चिकित्सा अधिकारी जिन्हें रात-दिन चल रहे औषधालयों में रात की ड्यूटी पर रखा जाता है इन चिकित्सा अधिकारियों को रात की ड्यूटी पर बारी-बारी से रखा जाता है । रात - दिन चलने वाले औषधालय के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र के औषधालयों की संख्या तथा ऐसे औषधालयों में काम कर रहे डाक्टरों की संख्या को देखते हुए किसी भी डाक्टर को 6 से 8 सप्ताहों में एक बार रात की ड्यूटी देने के लिये कहा जा सकता है । रात की ड्यूटी वाला यही डाक्टर आपाती रोगियों को देखता है । रोगी को देखने उसके घर पर जाता है ।

रात की ड्यूटी के पश्चात आमतौर पर डाक्टर को एक दिन का अवकाश दिया जाता है । प्रशासनिक कर्मचारियों के पैटर्न